INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE
MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201007

NEWSPAPER : DAINIK PRAYLANKAR
DATED : 29 NOV. 2011
PAGE NO : 06

बास्केट बॉल में आईटीएस की टीम ने जीता स्वर्ण पदक

—प्रलयंकर प्रतिनिधि—

गाजियाबाद, 29 नवम्बर। चौधरी छोटूराम कॉलेज में चौधरी चरण सिंह अंतर्महाविद्यालय बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में आई0टी0एस0 कॉलेज ने विजय हासिल की। प्रतियोगिता में कुल 7 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष डा0 नरेश कुमार ने आई0टी0एस0 की टीम की सराहना करते हुए प्रथम पुरस्कार स्वरूप स्वर्ण पदक तथा ट्राफी प्रदान की।

पहले मैच में आई0टी0एस0 कॉलेज, मोहन नगर ने एम0एम0एच0 कॉलेज गाजियाबाद को पराजित किया। दूसरे मैच में एस0डी0 कॉलेज गाजियाबाद ने आई0पी0 कॉलेज बुलंदशहर को परास्त किया। फाइनल मैच में आई0टी0एस0 कॉलेज ने 42 अंको के साथ विजय प्राप्त की।

आई0टी0एस0 की बास्केट बॉल टीम में, पंकज सिंह, सुमित पोपली, निखिल वशिष्ठ, प्रणेय, अविनाश, संदीप सदस्य थे। इस अवसर पर छात्रों ने खुशी मनाते हुए जीत का श्रेय कॉलेज के खेल प्रशिक्षक आर0एस0 चावला को दिया।

इस अवसर पर आई0टी0एस0 ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स के वाइस चेयरमैंन अर्पित चड्ढा ने छात्रों के प्रयास को सराहा। डा0 ए0के0 पुरी डायरेक्टर जनरल ने बताया कि छात्रों के पूर्ण व्यक्तित्व निर्माण हेतु इस प्रकार की गतिविधियों का होना आवश्यक है। इस अवसर पर डॉ सपना राकेश, डायरेक्टर मैनेजमेंट, डॉ0 विनीत कंसल, डायरेक्टर आई0टी0, डा0 सुजाता खण्डेय, प्रिंसिपल यू0जी0 कैम्पस तथा आर0 एस0 चावला स्पोर्टस ऑफिसर भी छात्रों के उत्साह वर्धन हेतु उपस्थित थे।

Copy To : D.G. Sir,........................
....
Director IT...............................
Director Mgmt.............................
Principal UG Campus.......................
Registrar Office..........................
Secretary Office..........................
Librarian.................................

INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE
MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201007

NEWSPAPER : DAINIK HINT
DATED : 29 NOV. 2011
PAGE NO : 02

आईटीएस की विजेता टीम कप के साथ। साथ में है डायरेक्टर जनरल डा. ए के पुरी, मैनेजमेंट विभाग की डा. सुजाता खांडेय और प्रशिक्षक आर एस चावला।

बास्केटबॉल प्रतियोगिता में आईटीएस का दबदबा

साहिबाबाद। सर छोटूराम कॉलेज में आयोजित चौधरी चरण सिंह अंतर महाविद्यालय बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में आईटीएस कॉलेज ने विजय हासिल की। प्रतियोगिता में कुल 7 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष डा नरेश कुमार ने आईटीएस टीम की सराहना करते हुए प्रथम पुरस्कार स्वरूप स्वर्ण पदक तथा टाफी प्रदान की।

शनिवार को खेले गए पहले मैच में आईटीएस मोहननगर ने एमएमएच कॉलेज गाजियाबाद को पराजित किया। दूसरे मैच में एसडी कॉलेज गाजियाबाद ने आईपी कॉलेज बुलंदशहर को परास्त किया। फाइनल मैच में आईटीएस ने 42 अंको के साथ विजय प्राप्त की। आईटीएस की बास्केटबॉल टीम में पंकज सिंह, सुमित पोपली, निखिल वशिष्ठ, प्रणेय, अविनाश, संदीप सदस्य रहे। टीम के सदस्यों ने जीत का श्रेय कॉलेज के खेल प्रशिक्षक आर एस चावला को दिया।

कालेज के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा टीम के प्रयास को सराहा । डायरेक्टर जनरल डा एके पुरी,ने बताया कि छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण के लिए इस प्रकार की गतिविधियों का होना आवश्यक है। डॉ सपना राकेश, डा. विनीत कंसल, डा सुजाता खण्डेय ने टीम को बधाई दी।

Copy To : D.G. Sir,........................
. ...
Director IT..................................
Director Mgmt.............................
Principal UG Campus..................
Registrar Office...........................
Secretary Office..........................
Librarian.....................................

INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE
MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201007

NEWSPAPER : RASHTRIYA AAINA
DATED : 29 NOV. 2011
PAGE NO : 08

आईटीएस में कार्यशाला का आयोजन

गाजियाबाद। आईटीएस गाजियाबाद के प्रेक्षाग्रह में बीसीए के छात्रों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में लेफ्टिनेंट कर्नल आर.के. भारद्वाज, प्रबंधक, विद्याटेक सोलुशंस ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए वर्तमान अर्थव्यवस्था में नये अवसरों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि छात्रों को अपने पाठ्यक्रम के साथ-साथ अपने आस-पास होने वाले बदलावों को देखकर खुद को तैयार करना होगा जिससे वे भविष्य में आने वाले अवसरों का लाभ उठा सकें। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर जनरल डा. ए.के. पुरी तथा प्रिंसिपल यूजी कैम्पस डा. सुजाता खण्डेय उपस्थित रहे।

Copy To : D.G. Sir,........................
....
Director IT.................................
Director Mgmt.............................
Principal UG Campus.................
Registrar Office...........................
Secretary Office..........................
Librarian......................................